अंदर के पेजों पर पढ़ें
2 वैश्विक स्तर पर कारोबार जगत में उतार-चढ़ाव...
6 वेस्टइंडीज ने चली बड़ी चाल...
7 ब्यावरा में विकास पर्व के रोड-शो में उमड़ा जनसैलाब...

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

संपादक-गोपाल गावंडे

वर्ष - 10 अंक-26 इन्दौर , प्रति मंगलवार, 18 जुलाई से 24 जुलाई 2023 पृष्ठ-8 मूल्य -2



## चिराग पासवान एनडीए में शामिल, अब उनके चाचा का क्या होगा?

साल 2024 के लोकसभा चुनावों के लिहाज से बीजेपी अपने गठबंधन एनडीए को मज़बूत करने में जुटी है.

इस बीच एलजेपी (लोक जनशक्ति पार्टी) के नेता चिराग पासवान ने हाजीपुर सीट पर अपना दावा पेश कर दिया है. इससे उनके चाचा और हाजीपुर के सांसद पशुपति पारस भड़के हुए हैं। आने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर एक तरफ़ बेंगलुरु में विपक्षी दलों की मीटिंग चल रही है. वहीं इसी मक़सद से मंगलवार को दिल्ली में एनडीए की बैठक भी हो रही है.एलजेपी नेता चिराग पासवान ने केंद्रीय गृह मंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता अमित शाह से मुलाक़ात की है।

## होटल खाली, बाजारों में सन्नाटा

# भारी बारिश ने तोड़ी पर्यटन उद्योग की कमर, पहाड़ों में लॉकडाउन जैसे हालात

**हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने बताया कि गृह मंत्रालय आपदा पर नजर रख रहा है और तत्काल राहत भी पहुंचा रहा है। उन्होंने आम जनता से आपदा राहत कोष में योगदान करने का भी आग्रह किया।**

हिमाचल प्रदेश में बारिश के कारण लैड स्लाइड की कई घटनाओं की सूचना मिली है। राज्य में भारी बारिश के कारण कसौली में पर्यटन चरमरा गया है। पर्यटकों के न आने और खाली होटलों ने कसौली पर्यटन उद्योग में लॉकडाउन का माहौल है। फेमस हेरिटेज मार्केट के कई दुकानदारों ने अपना कारोबार बंद कर दिया है।

### पर्यटन उद्योग की हालत खस्ता

पर्यटकों की पसंदीदा जगहों में से एक कसौली पिछले कई दिनों से मुख्यधारा के शहरों से कटा हुआ है। हालांकि, स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है पर हेरिटेज मार्केट की कई दुकानें पर्यटकों की अनुपस्थिति में बंद हैं। होटल मैजेस्टिक सीडर




के प्रबंधक अतुल चंदेल ने कहा कि जीरो बुकिंग, जल्दी चेक आउट, भविष्य की कोई बुकिंग नहीं होने से होटल को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि यहां काम करते हुए पिछले 18 सालों में, यह पहली बार हुआ है कि मानसून की बारिश ने इतनी तबाही मचाई है।

## 'बेंगलुरु में कट्टर भ्रष्टाचारी सम्मेलन हो रहाज', विपक्षी दलों की बैठक पर पीएम मोदी का बड़ा हमला



पीएम ने कहा कि वीर सावरकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के मौजूदा टर्मिनल की क्षमता हर रोज 4,000 पर्यटकों को सेवा देने की थी, नया टर्मिनल बनने के बाद इस हवाईअड्डे की क्षमता रोज करीब-करीब 11,000 पर्यटकों को सेवा देने की हो गई है। हवाईअड्डे पर अब एक साथ 10 विमान खड़े हो पाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पोर्ट ब्लेयर में वीर सावरकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट की नई इंटीग्रेटेड टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन किया। यह उद्घाटन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए किया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि पोर्ट ब्लेयर में वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की नई टर्मिनल बिल्डिंग से यात्रा में आसानी और व्यापार करने में आसानी के साथ-साथ कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी। इस दौरान प्रधानमंत्री ने बेंगलुरू में चल रही विपक्षी दलों की बैठक पर भी जमकर निशाना साधा।

### कट्टर भ्रष्टाचारी सम्मेलन हो रहा- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने उद्घाटन समारोह के दौरान कहा कि एक चेहरे पर, कई चेहरे लगा लेते हैं लोग। ये लोग अपनी दुकान पर जातिवाद का जहर बेचते हैं और असीमित भ्रष्टाचार करते हैं। उन्होंने कहा कि आजकल ये लोग बेंगलुरु में जुटे हैं और कट्टर भ्रष्टाचारी सम्मेलन कर रहे हैं। इन लोगों को एक फ्रेम में देखकर देश की जनता कह रही है कि ये तो कट्टर भ्रष्टाचारी सम्मेलन हो रहा है। इनका प्रोडक्ट है 20 लाख करोड़ रुपये के घोटाले की गारंटी।

## सहारा में फंसा आपका पैसा अब मिलेगा वापस

सहारा इंडिया के निवेशकों का पैसा लौटाने के लिए केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह मंगलवार सुबह 11 बजे 'केंद्रीय पंजीयक-सहारा रिफंड पोर्टल' को लॉन्च करेंगे. आपको बता दें कि पोर्टल के जरिए सहारा के उन निवेशकों के पैसे लौटाए जाएंगे जिनके निवेश की अवधि यानी समय सीमा पूरी हो चुकी है. एक आंकड़े के अनुसार, सहारा में करीब 10 करोड़ निवेशकों के पैसे फंसे हुए हैं. इनमें उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के संख्या अधिक है.

### 5000 करोड़ रुपये किए जाएंगे ट्रांसफर

गौरतलब है कि सहारा समूह की इन सहकारी समितियों के पास पैसे जमा करने वाले निवेशकों को राहत दिलाने के लिए सहकारिता मंत्रालय ने उच्चतम न्यायालय में अर्जी दायर की थी. इसके बाद शीर्ष अदालत ने इनके दावों की भरपाई के लिए 5,000 करोड़ रुपये सीआरसीएस को हस्तांतरित करने का आदेश दिया था.

सरकार ने 29 मार्च को कहा था कि सहारा समूह की चार सहकारी समितियों के करीब 10 करोड़ निवेशकों को नौ महीने के भीतर पैसे लौटाए जाएंगे. यह घोषणा उच्चतम न्यायालय के 5,000 करोड़ रुपये सहारा-सेबी रिफंड खाते से केंद्रीय सहकारी समिति रजिस्ट्रार (सीआरसीएस) को हस्तांतरित करने के आदेश के बाद की गई थी.

सनद रहे कि सहारा ग्रुप के चेयरमैन सुब्रत रॉय सहारा पर नियमों के खिलाफ लोग का पैसा निवेश करवाने का आरोप था. इसी मामले में वह जेल भी जा चुके हैं.

# कांग्रेस को सत्ता या पीएम पद में कोई दिलचस्पी नहीं, खड़गे बोले- हमारा इरादा संविधान, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता की रक्षा करना

**विपक्ष की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम राज्य स्तर पर हम में से कुछ लोगों के बीच मतभेदों से अवगत हैं, ये मतभेद विचारधारा संबंधी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि दलों के बीच मतभेद इतने बड़े नहीं हैं कि हम लोगों की खातिर उन्हें अलग न रख सकें।**




2024 चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों में सरगर्मियां बढ़ते दिखाई दे रही है। आज यूपीए और एनडीए का शक्ति प्रदर्शन है। यूपीए के तहत से 26 दलों की आज बेंगलुरु में बैठक हो रही है। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि कांग्रेस को सत्ता या प्रधानमंत्री पद में कोई दिलचस्पी नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हम देश के संविधान, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र की रक्षा करना चाहते हैं। कांग्रेस इस बैठक की मेजबानी कर रही है। इस बैठक में कांग्रेस की ओर से उस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी शामिल हुए हैं।

### खड़गे ने क्या कहा

विपक्ष की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम राज्य स्तर पर हम में से कुछ लोगों के बीच मतभेदों से अवगत हैं, ये मतभेद विचारधारा संबंधी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि दलों के बीच मतभेद इतने बड़े नहीं हैं कि हम लोगों की खातिर उन्हें अलग न रख सकें। खड़गे ने कहा कि हम 26 दल हैं, 11 राज्यों में हमारी सरकार हैं, भाजपा को 303 सीट अकेले नहीं मिलीं, उसने सहयोगियों के मतों का इस्तेमाल किया और फिर उन्हें त्याग दिया। विपक्ष की बैठक में खरगे ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष और पार्टी नेता पुराने सहयोगियों से समझौता करने के लिए एक राज्य से दूसरे राज्य दौड़ लगा रहे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस को सत्ता या प्रधानमंत्री पद में कोई दिलचस्पी नहीं। हमारा इरादा अपने लिए सत्ता हासिल करना नहीं, बल्कि संविधान, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय की रक्षा करना है।

संपादकीय

# वैश्विक स्तर पर कारोबार जगत में उतार-चढ़ाव

**बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश वैश्विक स्तर पर कारोबार के ढांचे में अमेरिकी डालर का विकल्प तलाश रहे हैं।**

**अब यह जगजाहिर है कि पिछले कुछ सालों के दौरान वैश्विक स्तर पर भारत के प्रभाव में विस्तार हुआ है और दुनिया के कई देश कूटनीति से लेकर कारोबार के मोर्चे पर भारत के साथ साझेदारी की नई राह तलाश रहे हैं। पिछले हफ्ते भारत और संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई के बीच हुए समझौते को इसी क्रम में देखा जा सकता है, जिसके तहत दोनों देशों के बीच स्थानीय मुद्रा में कारोबार पर सहमति बनी है।**





संपादक-
गोपाल गावंडे

हालांकि इस दिशा में पहलकदमी के प्रयास पहले से चल रहे थे और उम्मीद थी कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खड़ी हो रही आर्थिक चुनौतियों और बदलते समीकरण के बीच भारत और यूएई इस मामले में कोई ठोस कदम उठाने जा रहे हैं। लेकिन इसी क्रम में प्रधानमंत्री की यूएई की ताजा यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच अपनी अपनी मुद्रा में कारोबार को बढ़ावा देने पर हुआ करार अब वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में एक नया अध्याय रच सकता है।

इस समझौते के महत्व को प्रधानमंत्री ने खुद भी रेखांकित किया कि यह दोनों देशों के बीच मजबूत आर्थिक सहयोग और आपसी विश्वास को दर्शाता है। गौरतलब है कि पिछले साल व्यापक आर्थिक समझौते पर हस्ताक्षर के बाद से भारत-यूएई व्यापार में बीस फीसद की बढ़ोतरी देखी गई।

अब ताजा समझौते के अमल में आने का प्रत्यक्ष असर यह होगा कि भारत और यूएई में आपसी कारोबार में बढ़ोतरी के साथ-साथ लेनदेन और भुगतान में कम समय लगेगा और आयातकों-निर्यातकों को डालर का इंतजाम किए बिना भुगतान करने में सुविधा होगी। इसके अलावा, मुद्रा बाजार में रुपए और दिरहम में निवेश करने का विकल्प भी खुलेगा और पर्यटन सुविधाजनक होगा।

कहा जा सकता है कि जिस दौर में अमेरिका अपनी मुद्रा डालर के प्रभाव के बूते वैश्विक स्तर पर अपना प्रभाव कायम रखे हुए है, उसमें भारत और यूएई के बीच अपनी अपनी स्थानीय मुद्रा में कारोबार पर बनी सहमति कूटनीति स्तर पर एक नया परिदृश्य रचेगा। दरअसल, अमेरिकी डालर के वर्चस्व की वजह से पहले से ही कुछ देशों की ओर से कारोबार के मोर्चे पर नए समीकरण खड़ा करने की कोशिश चल रही है। कुछ बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश वैश्विक स्तर पर कारोबार के ढांचे में अमेरिकी डालर का विकल्प तलाश रहे हैं। इसमें खासतौर पर रूस, चीन, भारत और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश शामिल हैं।

यहां तक कि बांग्लादेश जैसे छोटे एशियाई देश भी आपस में व्यापार के लिए स्थानीय मुद्रा को तरजीह दे रहे हैं। यह छिपा नहीं है कि वैश्विक स्तर पर कारोबार जगत में कई स्तर पर उतार-चढ़ाव चल रहे हैं। एक समय डालर पर निर्भर दुनिया अब नए विकल्पों का रुख कर रही है। इसका कारण संभवतः यह हो सकता है कि हाल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देशों के अलग-अलग ध्रुव खड़े हो रहे हैं और उसी मुताबिक आर्थिक जगत में भी नया स्वरूप तैयार हो रहा है।

इसमें भारत की भूमिका तेजी से बढ़ रही है। रूस से तेल खरीदने के लिए भारत और यूएई दिरहम और रूबल का उपयोग कर रहे हैं। उधर चीन के भी हाल में युआन से 88 अरब डालर का रूसी तेल, कोयला और धातु खरीदने की खबर आई थी। बल्कि वैश्विक स्तर पर विदेशी मुद्रा लेनदेन में युआन की हिस्सेदारी बढ़कर सात फीसद पर पहुंच गई है।

इस लिहाज से देखें तो भारत और यूएई के बीच हुआ ताजा समझौता मील का पत्थर साबित हो सकता है।

राजनीति

# अलगाववादी आंदोलन और कूटनीतिक चुनौतियां



लोकतंत्र और बहुलवाद की भारत की साझी विरासत के प्रति कनाडा अपना समर्थन जताता रहा है।

समावेशी विचार और लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले भारत में खालिस्तान आंदोलन की कोई संभावना नहीं है। मगर कट्टरता, धार्मिक प्रदर्शन, सर्वोच्च धार्मिक संस्थाओं के क्रियाकलापों को नियंत्रित करने और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा अलगाववादी ताकतों को संरक्षण न मिले, इसे लेकर सजग रहने की जरूरत अवश्य है। खालिस्तान समर्थक विदेश में भारतीय राजनयिकों को निशाना बनाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में भारत को कूटनीतिक स्तर पर कड़े कदम उठाने की जरूरत है।

खालिस्तान आंदोलन की संभावनाएं करीब ढाई दशक पहले ही खत्म हो गई थीं, लेकिन भारत से बाहर इसे जिंदा रखने की धार्मिक और राजनीतिक कोशिशें जारी रही हैं। हाल के महीनों में खालिस्तान से जुड़े कट्टर अलगाववादियों और भारत के 'मोस्ट वांटेड' आतंकियों में से कुछ की मौत हुई है, इसे लेकर खालिस्तान समर्थक भारत पर आरोप लगा रहे हैं।

दुनिया भर में भारत के खिलाफ प्रदर्शन और भारतीय राजनयिकों के खिलाफ हिंसा की अपील भी कर रहे हैं। कनाडा खालिस्तानी समर्थकों का गढ़ माना जाता है, वहीं ब्रिटेन, अमेरिका और आस्ट्रेलिया में भी खालिस्तान समर्थकों ने भारतीय दूतावास के बाहर प्रदर्शन किया है। लंदन में खालिस्तानी समर्थकों के हाथों में पाकिस्तान और कश्मीर के समर्थन वाले पोस्टर देखे गए।

इसी साल मार्च में ब्रिटेन की राजधानी लंदन में खालिस्तान समर्थकों की उग्र भीड़ ने भारतीय उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन किया था। इस दौरान एक व्यक्ति ने भारतीय उच्चायोग पर लगे तिरंगे को उतार दिया था। वहीं आस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन शहर में भारतीय दूतावास को खालिस्तान समर्थकों के डर से बंद करना पड़ा था। विदेशों में दूतावास की सुरक्षा के लिए वैश्विक स्तर पर विएना समझौते को माना जाता है। वैश्विक स्तर पर यह राजनयिक संबंधों के लिए एक अंतरराष्ट्रीय संधि है। यह संधि राजनयिकों को मेजबान देश में बिना किसी जबर्दस्ती, उत्पीड़न या डर के काम करने में सक्षम बनाती है। कनाडा, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया जैसे देश भी इस संधि से बंधे हैं। भारत से इन देशों के साझा आर्थिक और रणनीतिक हित हैं। इन सबके बाद भी इन देशों में भारत-विरोधी गतिविधियों से कूटनीतिक चुनौतियां बढ़ गई हैं।

कनाडा में भारतीय मूल के करीब दस लाख लोग रहते हैं, जिसमें पंजाबियों को अच्छी-खासी तादाद है, जो आर्थिक और राजनीतिक तौर पर बेहद सक्षम माने जाते हैं। इसका प्रभाव कनाडा के राजनीतिक हितों पर भी देखा गया है। कुछ कनाडाई सिख प्रवासी भारतीय आंदोलन के समर्थन के लिए कट्टरपंथियों को उकसाते हैं।

बैसाखी और खालसा दिवस पर कनाडा के राजनेता भी खालिस्तान को समर्थन देते देखे गए हैं। इसके चलते भारत और कनाडा के संबंधों में ठहराव देखा गया है। भारत ने 2022 में कनाडा द्वारा खालिस्तानी अलगाववादी जनमत संग्रह की अनुमति देने पर आपत्ति जताई थी, साथ ही कनाडा में घृणा अपराधों के खिलाफ चेतावनी के साथ आगाह किया था।

लोकतंत्र और बहुलवाद की भारत की साझी विरासत के प्रति कनाडा अपना समर्थन जताता रहा है। भारत कनाडा का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार देश है। कनाडा के पास यूरेनियम, प्राकृतिक गैस, तेल, कोयला, खनिज और जल विद्युत, खनन, नवीकरणीय ऊर्जा तथा परमाणु ऊर्जा में उन्नत प्रौद्योगिकियों के दुनिया के सबसे बड़े संसाधन हैं। उसकी चार सौ से अधिक कंपनियों की भारत में उपस्थिति है और एक हजार से अधिक कंपनियां सक्रिय रूप से भारतीय बाजार में कारोबार कर रही हैं। कनाडा में भारतीय कंपनियां सूचना प्रौद्योगिकी, साफ्टवेयर, इस्पात, प्राकृतिक संसाधन और बैंकिंग जैसे क्षेत्रों में सक्रिय हैं।

दूसरी ओर कनाडा पृथकतावादी खालिस्तान समर्थकों के लिए महफूज ठिकाना रहा है। भारत के बाद सबसे बड़ी सिख आबादी कनाडा में ही बसती है। खालिस्तानी आतंकवादी गुट बब्बर खालसा इंटरनेशनल यानी बीकेआइ सिख अलगाव को बढ़ावा देने के लिए पूरी दुनिया में सक्रिय है। इस आतंकी गुट का कनाडा पर गहरा प्रभाव है और वह इस देश में राजनीतिक तौर पर भी ताकतवर माना जाता है। अपने रसूख का इस्तेमाल कर बीकेआइ खालिस्तान समर्थक ताकतों को यहां से संचालित भी करता है।

बब्बर खालसा इंटरनेशनल को कनिष्क विमान विस्फोट के लिए जिम्मेदार माना जाता है, जिसमें भारत के 329 लोग मारे गए थे। यह आतंकी संगठन हर साल बैसाखी के मौके पर आयोजित समारोह में सिख चरमपंथियों को शहीद का दर्जा देकर उन्माद फैलाता है। विदेशों में रह कर भारत-विरोधी गतिविधियां चलाने वाले कई चरमपंथियों को भारत ने काली सूची में डाल रखा है और उन्हें भारत आने की इजाजत नहीं है। ऐसे लोग भारत में खालिस्तान की मांग उठाने वाली चरमपंथी ताकतों को आर्थिक मदद देते हैं।

ब्रिटेन और कनाडा परिपक्व लोकतंत्र हैं। परिपक्व लोकतंत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन स्वीकार किए जाते हैं, लेकिन चरमपंथी आंदोलनों को उनकी स्वीकार्यता भारत की समस्याएं बढ़ा रही है। कनाडा में संवैधानिक राजतंत्र और संसदीय लोकतंत्र है। संवैधानिक राजतंत्र का अर्थ है कि ब्रिटिश सम्राट राज्य का प्रमुख होता है।

ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थकों की हिमाकत से नाराज भारत के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा था कि भारत को ब्रिटेन में भारतीय राजनयिक परिसरों और वहां काम करने वालों की सुरक्षा के प्रति ब्रिटेन सरकार की बेरुखी देखने को मिली है, जो अस्वीकार्य है। करीब पांच दशक पहले खालिस्तान की एक संप्रभु और स्वतंत्र राज्य की धारणा उत्तरी अमेरिका और यूरोप में सिखों के बीच लोकप्रिय करने का मुख्य कारण वहां खालिस्तान परिषद का गठन था। इसका पश्चिमी लंदन में ठिकाना बताया जाता है, जो 1970 से यहां कार्य कर रहा है।

### भेरूघाट पर फिर हादसा- 1 की मौत, 11 घायल

# दो ट्राले टकराए,पीछे से बस ओर कार घुसी

## एक ट्राले के ड्रायवर की मौत,दूसरा खाई में गिरा

**इंदौर।** खंडवा रोड के भेरूघाट इलाके में फिर सडक् हादसा हो गया। सोमवार देर रात एक हादसे में एक ट्राले के ड्रायवर की मौत हो गई। जबकि इसमें 11 लोग घायल हो गए। घायलों में 11 लोग निजी टूरिस्ट बस में सवार थे। जो ओकारेश्वर से जा रहे थे। हादसे के बाद घाट पर काफी जाम लग गया। टीआई सहित थाने के स्टॉफ ने तीन घंटे मेहनत कर फिर से ट्राफिक ठीक किया वही घायलो को उपचार के लिये एमवाय ओर दूसरे अस्पताल में भेजा गया।

सिमरोल पुलिस के मुताबिक घटना भेरूघाट की है। यहां ओकारेश्वर की ओर जा रहे दो ट्राले ओवरटेक के दौरान आपस में टकरा गए। जिसमें एक ट्राला चट्टान में जा घुसा। जबकि दूसरा खाई में उतर गया। इस हादसे में परचून से लदे ट्राले के ड्रायवर सांरग वानखेडे की केबिन में दबने से मौके पर ही मौत हो गई। उसके शव को इंदौर के जिला अस्पताल भेजा गया है।

मौके पर मौजूद कुछ लोगो ने बताया कि दोनो ट्राले ओर बस एक लाईन में चल रहे थे। हादसे के तुरंत बाद ही बस का ड्रायवर बस पर कंट्रोल करने की कोशिश करने लगा। जिसमें वह सफल नहीं हो सका और वह पीछे से एक ट्राले में जा घुसा। बस के पीछे आ रही एक कार ओर उसके पीछे आ रहा एक अन्य वाहन बस में जा घुसा। इस हादसे में बस में बैठे करीब एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। बस टूरिस्ट ट्रेवल्स की बताई जा रही है।

हादसे की जानकारी के बाद सिमरोल टीआई मंशाराम बिसेन ओर थाने पर मौजूद स्टॉफ सुरेश ठाकुर,रफीक खान सहित थाने का स्टॉफ पहुंचा। यहां बस में सवार घायलो को निकालकर इंदौर के अस्पताल में भेजा गया। वही ट्राले का केबिन काटकर ड्रायवर को बाहर निकाला गया। पुलिस के मुताबिक अभी खाई में गिरे ट्रक को खाली कराया जा रहा है। उसके ड्रायवर को मामूली चोटे आई है।

# फर्म में किया करोड़ों का गबन

## उद्योगपति गिर तार,पत्नी को भी बनाया था साझेदार

**इंदौर।** रावजी बाजार पुलिस ने उद्योगपति को गिर ़तार किया है। आरोपी ने फर्म में साझेदार होने के दौरान अकाउंट में काफी हेरफेर किया। इसके साथ ही फर्जी सर्टिफिकेट भी बनवाए। बाद में दूसरे पार्टनर ने कोर्ट और पुलिस से शिकायत की। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।




टीआई प्रीतमसिंह ठाकुर के मुताबिक जे एंड के इको फैब्रिक इंडस्ट्रीज के विनीत चौधरी की शिकायत पर संजय अग्रवाल निवासी महालक्ष्मी नगर पर केस दर्ज कर उन्हें गिर तार किया गया है। विनीत ने बताया उन्होंने संजय अग्रवाल के साथ पार्टनरशिप में फर्म शुरू की। इसमें उनकी पत्नी वेणु भी साझेदार बनाया। फर्म की करोड़ों की अमाउंट को वेणु के निजी अकाउंट में ट्रांसफर किया। इतना ही नहीं उन्होंने फर्जी डॉक्यूमेंट से अलग-अलग बैंकों से फर्म के नाम से लोन भी लिया। उन्होंने अपना फर्जी सेलरी सर्टीफिकेट बनवाया। इसमें 48 हजार रूपये अपनी सेलरी बताई। विनीत चौधरी ने जब कंपनी के पूरे खातों की जांच करवाई तो कई अमाउंट का हेरफेर मिला। इसके बाद पूरे सबूत इकट्ठा कर वरिष्ठ पुलिस अफसरों को शिकायत की गई।

### फर्जी आय प्रमाण पत्र को लेकर हुआ केस दर्ज

विनीत ने बातचीत में बताया कि 2015 में कंपनी शुरू की गई। जिसमें नवंबर 2018 में घाटा बताकर संजय अग्रवाल निवासी महालक्ष्मी नगर बाहर हो गया। बाद में मामला जब कोर्ट पहुंचा तो संजय ने खुद का फर्जी प्रमाण पत्र कलेक्टर से बनवाया और उसे कोर्ट में पेश किया गया। यहां जांच में वह फर्जी मिला। जिसके बाद उन्होंने रावजी बाजार पुलिस को केस दर्ज करने के आदेश दिए। इधर संजय के खिलाफ एक शिकायत पर सांवेर थाने में भी जांच चल रही है।

# ग्राहक को डंडों से पीटा

इंदौर। पानी की बोतल खरीदने के बाद शेष बचे पैसे देने की बात पर हुए विवाद में एक ढाबा संचालक और कर्मचारियों ने मिलकर ग्राहक पर डंडे और लात घूंसों से हमलाकर घायल कर दिया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक मारपीट की घटना थाना बेटमा इलाके के ग्राम धन्नड़ में विशाल चौराहा पर स्थित ढाबे पर हुई। फरियादी लाखन पिता देवकरण जाटव निवासी ग्राम धन्नड की रिपोर्ट पर ढाबा के संचालक महेंद्र, महादेव और जितेंद्र निवासी पैराडाइज कालोनी के खिलाफ केस दर्ज किया गया फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह आरोपी महेंद्र के ढाबे पर गया था। उसने वंहा से पानी की बोतल खरीदी और 50 रूपए ढाबा संचालक को दे दिए थे। जब बचे हुए पैसे मांगे तो आरोपी ने पैसे दने से मना कर दिया। उसे गालियां देने लगा जब उसे गाली देने से मना किया तो आरोपी महेंद्र और उसके साथी महेंद्र व जितेंद्र ने लात घूंसों और डंडों से हमला कर घायल कर दिया। उसे जान से मारने की धौंस भी दी। पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इधर मारपीट की एक अन्य घटना थाना एमआईजी इलाके में नेहरू नगर में चटपटा रेस्टोरेंट के पास हुई। फरियादी सागर सोमवंशी पिता गजेंद्र सोमवंशी निवासी नृसिंह की चाल, पाटनीपुरा की रिपोर्ट पर आरोपी जटा और उसके दो साथी निवासी बेकरी गली के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि आरोपियों ने उसे रोका और गालियां दी फिर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

## राड से किया हमला

इंदौर। राजेंद्र नगर इलाके में जमीन के बंटवारे की बात पर हुए विवाद में मारपीट हो गई। पुलिस के मुताबिक फरियादी राजेश पिता रामप्रसाद गौड(45) निवासी निहालपुर मुंडी बिजलपुर की रिपोर्ट पर आरोपी कैलाश,आनंद और ऋषि के खिलाफ केस दर्ज किया गया पुलिस ने बताया कि आरोपी और फरियादी के बीच जमीन के बटवारे को लेकर झगड़ा चल रहा है। जमीन के दस्तावेज को लेकर विवाद हुआ तो आरोपियों ने लात घूंसों और राड से हमलाकर दिया।

# युवक ने नाबालिग को शादी के लिए धमकाया

## अश्लील कमेंट भी किए, पीड़िता ने ली पुलिस की शरण

**इंदौर।** एक युवक ने नाबालिग लडक़ी से दोस्ती कर अश्लील कमेंट किए और शादी के लिए धमकाया। अब उसकी शादी नहीं होने दे रहा है एक रिश्ता भी तुड़वा दिया। पीड़िता ने पुलिस की शरण ली। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। महू पुलिस के मुताबिक छेड़छाड़ और धमकी की घटना 17 वर्षीय पीड़िता के साथ हुई। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी फरीद निवासी बडगोंदा के खिलाफ पास्को एक्ट और अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसे अब तक परेशान करता आ रहा है। उसने बताया कि आरोपी युवक एक दूध डेरी पर बैठता था। तब आते जाते उससे जान पहचान हो गई थी इसके बाद उससे मोबाइल पर भी सामान्य बातें होने लगी थी एक दिन उसने मुझे कहा कि मैं तुमकों पसंद करता हूं और शादी करना चाहता हूं लेकिन मैंने और मेरे परिवार वालों ने शादी करने से मना कर दिया था। इसके बाद से आरोपी आए दिन मुझे बुरी नीयत से देखता और अश्लील कमेंट करने लगा उसे कई बार समझाया लेकिन वह नहीं माना और लगातार पीछा भी करता और धमकियां भी देने लगा। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका अन्य लडक़े से शादी का रिश्ता आया तो आरोपी ने उस को भी धमकाया और उल्टी सीधी बातें कर मेरा रिश्ता भी तुड़वा दिया। आरोपी मेरा दूसरा रिश्ता नहीं होने दे रहा है और लगातार बात करने के लिए धमकियां दे रहा है।

# बदमाशों ने पीटा

इंदौर। गांजा पीने के आदी दो बदमाशों ने एक व्यक्ति से नशा करने के लिए पैसे की मांग की। मना करने पर उसे लात घूंसों से पीटा और भाग गए। थाना छत्रीपुरा पुलिस के मुताबिक मारपीट और अड़ीबाजी की वारदात फरियादी राजू पिता गोपाल बामने (50) निवासी अर्जुनपुरा मल्टी के साथ हुई उनकी रिपोर्ट पर आरोपी भूरा और भूपेंद्र पिता कुंदन निवासी जोशी मोहल्ला के खिलाफ केस दर्ज किया गया फरियादी ने बताया कि आरोपियों ने उसे धमकाया कि आइंदा गांजा पीने के लिए उसने पैसे देने से मना किया तो जान से मार देंगें।

# प्लाट का सौदा कर की 45 लाख रूपए की धोखाधड़ी

**इंदौर।** बाणगंगा इलाके में किसी और के प्लाट का सौदा कर आरोपियों ने 45 लाख रूपए ले लिए और धोखाधडी की पुलिस महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक धोखाधड़ी की वारदात फरियादी लोकेंद्र पिता माणकचंद्र सोलंकी(27) निवासी पेनजान कालोनी के साथ हुई। इनकी रिपोर्ट पर आरोपी उदय सिंह ठाकुर, चेतन सिंह ठाकुर और कविता ठाकुर निवासी ग्राम भौरासला के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मामला लोट्स पार्क कालोनी स्थित प्लाट का है। इसका सौदा 10 जून 2022 को आरोपियों ने किया था लोकेंद्र ने बताया कि आरोपियों ने मुझे लोट्स पार्क कालोनी का ब्लाक बी का प्लाट नंबर 1 बेचा था इस दौरान ×0 लाख रूपए रजिस्ट्री के समय नकद दिए थे अरौ तीन चेक के माध्यम से 15 लाख ×5 हजार रूपए दिए थे आरोपियों ने उसी वक्त उक्त प्लाट पर मुझे कब्जा भी करवा दिया था। फरियादी लोकेंद्र ने पुलिस को बताया कि करीब आठ दिन पहले उसके पास विकास जैसवाल जो कि जर्मनी में है उनके नाम की रजिस्ट्री लेकर रिश्तेदार शैलेश जैसवाल आया शैलेश कहने लगा कि यह प्लाट तो मेरे रिश्तेदार का है आपने किससे खरीदा इस पर मैंने उदय सिंह ठाकुर, चेतन सिंह ठाकुर और कविता ठाकुर का नाम बताया। इस पर उसने कहा कि आपके साथ धोखा हुआ है यह प्लाट हमारा है तीनों आरोपी यह प्लाट हमें साल 2012 में बेच चुके हैं और साल 2022 मे रजिस्ट्री भी की जा चुकी है।

## बिल्डर पर दुष्कर्म का केस

इंदौर। युवती को लैट देने के नाम पर पैसा ले लिया फिर उससे दोस्ती कर ली उसके साथ रेप किया बताते हैं कि अब दबाव, प्रभाव और लालच देकर समझौते की कोशिश की जा रही है। बाणगंगा थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला थाने पहुंची उसने बिल्डर संजय सिंघानिया निवासी तुकोगंज के खिलाफ आवेदन दिया। महिला का कहना था कि उसे लैट लेना था इसलिए सिंघानिया से जान पहचान हुई थी। सिंघानिया ने लैट देने के नाम पर पैसा भी लिया। बाणगंगा थाना क्षेत्र में मल्टी पर ले गया और उसके साथ जर्बदस्ती गंदा काम किया। महिला को धमकी दी कि अगर ये बात किसी को बताई या रिपोर्ट लिखाई तो जान से मार दूंगा। लैट के लिए जो पैसा दिया है वो भी नहीं लौटाऊंगा। पुलिस ने बिल्डर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। अभी उसकी गिर तारी नहीं हुई है।

## धमकाकर की मारपीट

**इंदौर।** आपसी विवाद में एक आरोपी ने दंपत्ति को धमकाया और पति के साथ मारपीट कर दी थाना एरोड्रम पुलिस के मुताबिक फरियादी बबलू पिता बाबूलाल चौहान निवासी पंचशील नगर की रिपोर्ट पर आरोपी जीतू बंजारा के खिलाफ केस दर्ज किया गया बबलू ने पुलिस को बताया कि वह परिसर में खड़ा था। तभी आरोपी जीतू आया और मुझे व मेरी पत्नी राखी को गालियां देने लगा मैंने उसे गालियां देने से मना किया तो उसने झूमाझटकी की और जान से मारने की धमकी दी।

# वह चाहती है कि मनुष्य उस स्तर पर जाए जहाँ वे परमेश्वर के राज्य, सदशिव के राज्य में प्रवेश करते हैं जहाँ आनंद है, क्षमा है, वहाँ आनंद है.



[ ईश्वर सर्वशक्तिमान ]

मनुष्यों के दिलों में परिलक्षित होता है, सभी रचनाओं के बीच वह स्पंदित होता है।. लेकिन वह दालें, स्पंदन प्रिमोर्डियल मदर की ऊर्जा है।. और वह आदि शक्ति की योजनाओं के खिलाफ जाने वाली किसी भी चीज को नष्ट कर सकता है।. आदि शक्ति प्रेम है, वह क्षमा करती है और वह प्यार करती है।. वह अपनी रचना से प्यार करती है।. वह चाहती है कि सृष्टि समृद्ध हो, उसी स्तर तक जाए जिसके लिए इसे बनाया गया था।. वह चाहती है कि मनुष्य उस स्तर पर जाए जहाँ वे परमेश्वर के राज्य, सदशिव के राज्य में प्रवेश करते हैं जहाँ आनंद है, क्षमा है, वहाँ आनंद है। यह सब केवल तभी संभव है जब आप मांग रहे हों, कि आपके पास वहां रहने की जन्मजात इच्छा भी हो।. हमारे भीतर की यह इच्छा प्रधान माँ के प्रतिबिंब के रूप में परिलक्षित होती है।. अब यह इच्छा है और अन्य सांसारिक इच्छाएँ भी हैं जो आपकी चढ़ाई की प्रगति को रोकती हैं।

सहज योग में हमने कभी भी सन्यास को लेने या घर से दूर भागने या उन सभी प्रकार की चीजों के लिए इच्छाओं को दूर करने की कोशिश नहीं की है जो सुझाए गए हैं।. पहली बात यह है कि आप अपनी आत्मा का प्रकाश प्राप्त करते हैं।. आत्मा सदाशिव का प्रतिबिंब है।. उस प्रकाश में वह दिखाता है, वह सिर्फ रास्ता दिखा रहा है।. आत्मा एक प्रकाश की तरह है जो जल रहा है और जो मार्ग दिखा रहा है।. उस मार्ग में आप स्वयं इतने समझदार हो जाते हैं कि आप ज्ञान के प्रकाश में चलते हैं, कि आप धार्मिकता के प्रकाश में चलते हैं, क्योंकि जो कुछ भी विनाशकारी है वह आपकी आत्मा के प्रकाश के माध्यम से देखा जाता है।. आप वह सब छोड़ना शुरू कर देते हैं जो विनाशकारी है।. किसी को भी आपको यह बताने की जरूरत नहीं हैः ह्लइसे छोड़ दो, वह छोड़ दो।.१आप स्वयं महसूस करते हैं कि:१ यह गलत है और हमें हार माननी चाहिए।

यह था, मुझे कहना चाहिए, मनुष्य की अपनी समझ।. क्योंकि ये वे दिन हैं जहां लोग पूरी तरह से भ्रम में हैं।. वे हर समय संघर्ष में रहते हैं यहां तक कि अस्तित्व के लिए भी संघर्ष कर रहे हैं।. इन परिस्थितियों में, सब कुछ विफल हो जाता अगर आपने एक सन्यास लेना शुरू कर दिया होता और फिर हिमालय और उस सब पर जा रहे होते।

यदि आपको जनता के लिए ऐसा करना है, तो कुछ को कट्टरपंथी बनाना होगा और सौभाग्य से मैं यह पता लगाने में सक्षम हूं कि आप अपने अंकुर, अपने बोध को प्राप्त कर सकते हैं।.

अब कुछ लोग जिन्हें बोध प्राप्त होता है, उन्हें कुछ चीजों को समझना पड़ता है क्योंकि जैसा कि आप जानते हैं कि बहुत से लोग हैं जिन्हें बोध हुआ है।. मुझे नहीं पता कि कितने हैं, मैं गिनती नहीं रखता।. लेकिन उनमें जो कमी है वह समर्पण है।. यह कहना शर्मनाक है लेकिन एक तथ्य है।. यह आधुनिक सहजा योग की एकमात्र शर्त है जिसे आपको वास्तव में आत्मसमर्पण करना होगा।. यदि आप अपने मस्तिष्क का उपयोग करना शुरू करते हैं, यदि आप सहजा योग को समझने के लिए अन्य तरीकों का उपयोग करना शुरू करते हैं, तो आप नहीं कर सकते।. आपको आत्मसमर्पण करना चाहिए और - जैसा कि इस्लाम समर्पण के अलावा कुछ भी नहीं है, इस्लाम का अर्थ है आत्मसमर्पण - और यदि वह समर्पण नहीं है, तो परमेश्वर के राज्य में किसी को भी स्थापित करना असंभव है।.

प. पु. श्री माता जी श्री निर्मला देवी।
14 मार्च , 1994।

## सावन सोमवार पर इन 4 सफेद चीजों से करें शिवलिंग का अभिषेक, सभी कष्ट होंगे दूर

सावन  दिन भगवान शिव का इन 4 सफेद चीजों से अभिषेक करने से व्यक्ति की कई मनोकामनाएं पूरी हो सकती है। साथ ही कार्यों में आ रही बाधाएं भी समाप्त हो जाएंगी।

सावन सोमवार को भगवान शिव को प्रसन्न करना चाहते हैं तो उनका अभिषेक करें। मान्यताओं के अनुसार, भगवान शिव का अभिषेक करने से व्यक्ति को कई गुणा अधिक लाभ प्राप्त होता है। साथ ही व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। आइए जानते हैं किन सफेद चीजों से भगवान शिव का अभिषेक करना रहेगा उत्तम फलदायी।

### दूध से करें भगवान शिव का अभिषेक

भगवान शिव का अभिषेक दूध से करना अति उत्तम माना जाता है। कहते हैं अगर किसी के परिवार में कलह क्लेश ज्यादा रहता है तो दूध चढ़ाने से घर में शांति रहती है। साथ यदि आपके कार्यस्थल पर भी ऐसा ही माहौल बना रहता है तो आप भी दूध से अभिषेक कर सकते हैं।

### दही से करें भगवान शिव का अभिषेक

मान्यताओं के अनुसार, अगर कोई व्यक्ति भगवान शिव के दही से अभिषेक करता है तो उसके काम में आ रही सभी समस्याएं समाप्त हो जाती हैं। साथ ही आपके कार्य जो अधूरे थे वह पूरे होने लगते हैं। इसलिए दही से भगवान शिव का अभिषेक करने से व्यक्ति को सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है।

### चीनी से करें शिवलिंग का अभिषेक

भगवान शिव का अभिषेक आप चीनी से भी कर सकते हैं। ऐसी मान्यताएं हैं कि जो व्यक्ति भगवान शिव का अभिषेक चीनी से करता है वह विद्वान बनता है। साथ ही व्यक्ति की बुद्धि काफी तेज हो जाती है।

### मक्खन से करें शिवलिंग का अभिषेक

ऐसी मान्यता हैं कि जो व्यक्ति भगवान शिव का मक्खन से अभिषेक करता है उन्हें संतान सुख मिलता है। यदि किसी को संतान प्राप्ति में बाधा आ रही है तो उन्हें सावन के सोमवार पर भगवान शिव का मक्खन से अभिषेक जरूर करना चाहिए।

# मलमास के दौरान कर लीजिए बस 5 काम, लक्ष्मी नारायण हो जाएंगे आप पर मेहरबान

**मलमास या अधिक मास को पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है क्योंकि इस मास के स्वामी श्रीहरि हैं। इस मास में भगवान विष्णु की पूजा अर्चना करने और ज्योतिष शास्त्र में बताई गई इन चीजों के करने से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और धन धान्य की कभी कमी नहीं होती। आइए जानते हैं मलमास में की जाने वाली इन पांच चीजों के बारे में....**



18 जुलाई से मलमास की शुरुआत हो चुकी है और 16 अगस्त को इसका समापन होगा। सावन मास में मलमास या अधिकमास लग जाने की वजह से इस बार सावन मास दो महीने का होने जा रहा है और ऐसा संयोग 19 वर्ष बाद बन रहा है। मलमास माह में भगवान पुरुषोत्तम यानी विष्?णुजी की पूजा करने का विशेष महत्व होता है। ज्योतिष शास्त्र में मलमास का महत्व बताते हुए कुछ विशेष चीजों के बारे में भी बताया गया है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, मलमास में अगर ये खास पांच चीजें की जाएं तो लक्ष्मी नारायण की हमेशा कृपा बनी रहेगी और घर में धन धान्य की कभी कमी नहीं होगी। मलमास में की जाने वाली ये पांच चीजें बेहद आसान हैं, इनको रोजमर्रा की जिंदगी में अपना लिया जाए तो जीवन के सभी दुख दूर हो सकते हैं। आइए जानते हैं मलमास या अधिकमास में की जाने वाली इन पांच चीजों के बारे में...

### इस उपाय से श्रीहरि की बनी रहेगी कृपा

मलमास या अधिकमास के स्वामी भगवान विष्णु हैं। इस माह हर रोज भगवान विष्णु की पूजा आराधना और हरि के नाम का हवन करना सबसे उत्तम माना गया है। मलमास में कोई मांगलिक कार्यक्रम नहीं किए जाते इसलिए हर रोज भगवान विष्णु की आराधना और हवन करने से लक्ष्मी नारायण की कृपा बनी रहेगी और परिवार के सदस्यों की भी तरक्की होगी।

### इस उपाय से मिलता है मोक्ष

मलमास या अधिकमास के दौरान पवित्र ग्रंथ राम चरित्र मानस, श्रीमद् भागवत कथा का पाठ करना मोक्ष के द्वार खोलने में मदद करता है। हर रोज सुबह शाम राम चरित्र मानस और श्रीमद् भागवत कथा के पाठ करने से आसपास सकारात्मक ऊर्जा का संचार बनता है और जीवन में नई दिशा मिलती है। मलमास में निरंतर इनका पाठ करने से ये महाग्रंथ आगे बढ़ते हुए विजय प्राप्ति की प्रेरणा देते हैं।

### इस उपाय से मनोकामनाएं होती हैं पूरी

मलमास में भगवान विष्णु की पूजा अर्चना करने के साथ साथ विष्णु सहस्त्रनाम का जप भी अवश्य करना चाहिए। साथ ही हर रोज जल में दूध मिलाकर तुलसी को अर्घ देना चाहिए। ऐसा करने से घर में सौभाग्य और खुशियां आती हैं और तनाव दूर रहता है।

### इस उपाय से मां लक्ष्मी का मिलता है आशीर्वाद

मलमास या अधिकमास में स्नान व ध्यान करने के बाद हर रोज तुलसी की मिट्टी का तिलक लगाना चाहिए। श्रीहरि को तुलसी अति प्रिय है और तुलसी में मां लक्ष्मी का वास होता है। इसलिए ऐसा करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है और सभी पापों से मुक्ति मिलती है। मलमास में हर रोज तुलसी की मिट्टी का तिलक लगाने से मां लक्ष्मी का आशीर्वाद भी बना रहता है और धन प्राप्ति के मार्ग बनते हैं।

### इस उपाय सभी तीर्थों का मिलता है पुण्य

पुराणों में बताया गया है कि मलमास को भगवान विष्णु ने ब्रज क्षेत्र में बसाया था। इस वजह से मलमास के समय सभी तीर्थ ब्रज क्षेत्र में आकर निवास करते हैं और कृष्ण लीलाओं का आनंद लेते हैं। इसलिए मलमास के समय ब्रज क्षेत्र की यात्रा करना सबसे उत्तम माना गया है। इस मास में ब्रजभूमि की यात्रा करने का पुण्य एक साथ मिल जाता है


Farm House wala.com
BUY FARMHOUSE
AT INDORE-
KHANDWA ROAD
PRICE
351/-
SQFT
Platinum Package
10*20 swimming pool
Plantation
RCC Boundari
landscaping
Fountain
800 Sqft 2 BHK
BOOK NOW
Visit Our Website
farmhousewalaa.com
Contact Us
8889066688


SATGURU NAGAR
RESIDENTIAL
PLOTS FOR SALE
PRICE STAR FROM 1111/- SQFT
SPECIAL
OFFER
Sale of Plots
TERMS & CONDITION APPLY
• Registry Free
• 100 Plants
• Smart Watch
• 42 inch. LED TV
• Scooty
Indore - Khandwa Road
8889066688

# वेस्टइंडीज ने चली बड़ी चाल

## भारत को हराने के लिए खूंखार गेंदबाज को टीम में किया शामिल

## त्रिनिनाद




**वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए टीम में एक ऐसे खिलाड़ी को शामिल किया है, जिसने वनडे वर्ल्ड कप क्वॉलिफायर में बड़े-बड़े बल्लेबाजों के हौसले पस्त कर दिए थे। अब देखना होगा कि वह भारत के खिलाफ क्या कमाल करता है। आइए देखते हैं उस गेंदबाज का रिकॉर्ड और करियर...**

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के खिलाफ पहले टेस्ट में मिली पारी और 141 रनों शर्मनाक हार के बाद वेस्टइंडीज ने बड़ा कदम उठाया है। उसने त्रिनिदाद में भारत के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट के लिए अपनी 13 खिलाड़ियों की टीम में एक अनकैप्ड स्पिनर को शामिल किया है। यह वह खिलाड़ी है, जो हाल ही में अपने घातक गेंदबाजी के लिए मशहूर हुआ है।

नए आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सीजन के पहले मैच में कैरेबियाई टीम निराशाजनक तरीके से पारी और 141 रन से हार गई। क्वींस पार्क में दूसरा टेस्ट शुरू होने पर वह जीत की राह पर लौटने और सीरीज बराबर करने के लिए उत्सुक होगी। वेस्टइंडीज ने डोमिनिका में भारत से हारने वाली अधिकांश टीम पर भरोसा बनाए रखा है। उन्होंने साथी ऑलराउंडर रेमन रीफर के स्थान पर अपने 13-खिलाड़ियों की टीम में रोमांचक ऑफ स्पिनर केविन सिंक्लेयर को शामिल किया है।

रीफर भारत के खिलाफ शुरुआती टेस्ट के दौरान बिना विकेट लिए केवल दो और 11 रन का स्कोर बना पाए थे। वह टीम के साथ त्रिनिदाद जाएंगे और चोट लगने की स्थिति में अभी भी उनका उपयोग किया जा सकता है। सिंक्लेयर वेस्टइंडीज के कप्तान क्रैग ब्रैथवेट को एक और गेंदबाजी विकल्प देते हैं। अगर वह यहां खेलते हैं तो उनका टेस्ट डेब्यू होगा। 23 वर्षीय खिलाड़ी पहले ही 7 वनडे और 6 टी20 टीम के लिए खेल चुके हैं।

आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप क्वॉलिफायर टूर्नामेंट के दौरान यूएई के खिलाफ घातक बॉलिंग करते हुए 4 विकेट झटके थे। गुयाना में जन्मे, सिनक्लेयर आउट होने का जश्न मनाते समय अपने ट्रेडमार्क फ्लिप के लिए प्रसिद्ध हैं। माना जा रहा है कि यह स्पिनर रहकीम कॉर्नवाल के साथ मिलकर भारत के खिलाफ स्पिन की बागडोर संभालेगा।

### भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए वेस्टइंडीज टीम

क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), जर्मेन ब्लैकवुड (उप-कप्तान), एलिक अथानाजे, तेज नारायण चंद्रपॉल, रहकीम कॉर्नवाल, जोशुआ डा सिल्वा, शैनन गेब्रियल, जेसन होल्डर, अल्जारी जोसेफ, किर्क मैकेंजी, केमार रोच, केविन सिंक्लेयर, जोमेल वारिकन।



**कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की सत्यप्रेम की कथा भी धीरे-धीरे ही सही लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक प्रदर्शन करती दिख रही है। समीर विद्वांस निर्देशित कॉमेडी फिल्म ने तीन वीक में अच्छी कमाई कर चुकी है। कार्तिक की ये फिल्म लागत से आगे निकल चुकी है।**

## सत्यप्रेम की कथा की कथा ने जो जादू 19 दिन में चलाया, वो मिशन इम्पॉसिबल 7 ने चुटकी में कर दिखाया

समीर विद्वांस निर्देशित कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की सत्यप्रेम की कथा ने तीन वीक में अच्छी कमाई कर चुकी है। करीब 60 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म अब अपनी लागत से काफी आगे निकल चुकी है। ऐसा लग रहा है कि धीरे-धीरे ही सही, फिल्म 100 करोड़ के आंकड़े को छूने में कामयाब साबित हो सकती है।

बॉक्स ऑफिस कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की इस फिल्म ने तीन वीक के अंदर ठीक-ठाक कमाई कर ली है और अब चौथे वीक में कदमरख चुकी है। फिल्म ने जहां बीते रविवार को 2.30 करोड़ की कमाई की थी वहीं इस फिल्म ने 19वें दिन सोमवार को महज 85 लाख रुपये ही कमा पाई। इस तरह से 19 दिनों में कुल मिलाकर कार्तिक की इस फिल्म ने 78.11 करोड़ रुपये का बिजनेस कर लिया है।

हालांकि, वीक के पहले दिन हॉलीवुड की बम्पर कमाई कर रही फिल्म मिशन इम्पॉसिबल 7 पर भी इसका असर पड़ा है। ऐसे में सोमवार का ढीला असर Satyaprem Ki Katha पर भी दिखा। समीर विद्वांस निर्देशित इस फिल्म को साजिद नाडियाडवाला ने प्रड्यूस किया है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी के अलावा गजराज राव,राजपाल यादव,सुप्रिया पाठक,शिखा तल्सानिया जैसे कलाकार हैं।

### सत्यप्रेम की कथा की क्या है कहानी

फिल्म की कहानी सत्यप्रेम उर्फ सत्तू (कार्तिक आर्यन) की है, जिसके पास कोई काम नहीं है। एलएलबी फाइनल ईयर में फेल होने के बाद घर वालों के साथ टाइम बिताता है और काम न होने की वजह से उसकी शादी ही नहीं होती है। उसकी मुलाकात कथा (कियारा) से होती है। गरबा नाइट में सत्तू उसे प्रपोज करता है लेकिन कियारा पहले से किसी और के साथ रिलेशनशिप में रहती है। बाद में सत्तू को पता लगता है कि कथा का ब्रेकअप हो गया है। फिर कुछ ऐसा होता है कि कथा के पिता उसकी शादी सत्तू से कर देते हैं, लेकिन ये कथा की मर्जी नहीं है। कथा की जिंदगी में एक ऐसा सच है जो सबको हिलाकर रख देता है।

### सत्यप्रेम की कथा ने जो अब किया वो मिशन इम्पॉसिबल 7 ने 7 दिनों में कर दिखाया

वहीं अगर इस फिल्म की तुलना हाल में 12 जुलाई को रिलीज हुई टॉम क्रूज की हॉलीवुड फिल्म से करें तो ये काफी कम है। दरअसल टॉम क्रूज की मिशन इम्पॉसिबल 7% की मंगलवार (18 जुलाई) तक की अनुमानित कमाई भारत में 73.67 करोड़ रुपये बताई जा रही है। ऐसे में जो जादू कार्तिक और कियारा की इस फिल्म ने 19 दिन में दिखाया है वो टॉम की इस स्पाई फ्रेंचाइजी ने केवल 7 दिनों में ही दिखा दिया है।

## गदर 2 को लेकर नर्वस हैं सनी देओलबोले- बॉलीवुड ने गदर को बायकॉट किया, फिल्म को डिस्ट्रीब्यूटर तक मिलना मुश्किल था

**गदर एक प्रेम कथा की रिलीज के 22 साल बाद एक्टर सनी देओल एक बार फिर 11 अगस्त को तारा सिंह बनकर थिएटर्स में वापसी करने जा रहे हैं। ऐसे में इन दिनों एक्टर अपनी फिल्म के प्रमोशन में काफी बिजी चल रहे हैं। बीते दिनों सनी कपिल शर्मा के शो में बतौर गेस्ट पहुंचे थे। इस दौरान एक्टर ने गदर एक प्रेम कथा को लेकर दिलचस्प किस्सा सुनाया। उन्होंने ने यह भी कहा कि वो गदर 2 को लेकर काफी नर्वस और एसाइटेड फील कर रहे हैं। 22 साल पुरानी फिल्म को याद करते हुए सनी ने बताया कि जब गदर रिलीज हुई थी तो उस वक्त पूरा बॉलीवुड इस फिल्म के खिलाफ था।**





# ब्यावरा में विकास पर्व के रोड-शो में उमड़ा जनसैलाब

## मुख्यमंत्री का स्वागत करने आतुर दिखे नगरवासी

## मुख्यमंत्री लोगों से मिलने कई बार कार से उतरे

**मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ब्यावरा में विकास पर्व के कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री चौहान का रोड-शो में नगरवासियों ने पुष्प-वर्षा तथा फूल-माला पहना कर अभिनंदन किया। लगभग 4 किलोमीटर तक 2 घंटे से भी अधिक चले रोड-शो में जनता का उत्साह और जनसैलाब देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो प्रत्येक नगरवासी अपने प्रिय मुख्यमंत्री के रोड-शो में शामिल होने घर से निकल पड़ा हो। बच्चों, महिलाओं, युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई अपने घर से बाहर निकल कर मुख्यमंत्री के स्वागत को आतुर दिखा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भी नगरवासियों का अभिवादन किया। बहनें अपने लाड़ले भैया तथा बेटियाँ भी प्रिय मामा को अपने बीच पाकर प्रसन्न दिखी। रोड-शो शहर के मुख्य मार्गों से होता हुआ कार्यक्रम स्थल तक पहुँचा। अनेक संस्थाओं, संघों, संगठनों द्वारा बनाए गए 50 से अधिक मंचों से नागरिकों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान का स्वागत किया। नागरिकों द्वारा छत और बालकनी से भी पुष्प-वर्षा की गई। रोड-शो में पूरे समय नागरिकों द्वारा मुख्यमंत्री श्री चौहान पर पुष्प-वर्षा की जाती रही।**

### जनता से दूरी मुख्यमंत्री को रास नहीं आई

मुख्यमंत्री श्री चौहान का हर व्यक्ति के साथ आत्मीय संबंध की बानगी रोड-शो में तब देखने मिली, जब वे कुछ कदम चलने के बाद ही रथ से उतरकर खुली कार में रोड-शो में शामिल हुए। चार किलोमीटर लम्बे रोड-शो के दौरान कई बार वे कार से उतर कर लोगों के बीच आए, उनसे हाथ मिलाया, माला पहनाई और भेंट किए गए पगड़ी, श्रीफल और स्मृति-चिन्ह आत्मीयता से स्वीकार किए। मुख्यमंत्री रास्ते में कई स्वागत मंचों पर भी लोगों से मिले। मुख्यमंत्री ने भी फूल माला पहनाकर लोगों का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर लोग भावुक और प्रसन्न नजर आए।

### मुख्यमंत्री को किसान संघ ने हल भेंट किया

मुख्यमंत्री श्री चौहान को रोड-शो के दौरान किसानों ने किसान का प्रतीक हल भेंट किया। कृषि की तरक्की और किसानों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लिए आभार माना। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि किसानों की उन्नति और तरक्की के लिए मैं दिन-रात काम करूँगा।

### लाड़ली बहनों ने अपने प्रिय भाई को भेंट की राखी

स्व-सहायता समूह की दीदियों ने अपने प्रिय भैया श्री चौहान को स्वनिर्मित राखी भेंट की। दीदियों ने कहा कि राखी भेंट करते हुए ऐसे लगा जैसे रक्षाबंधन आज ही हो। उन्होंने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के 1000 रूपए खाते में आने पर मुख्यमंत्री श्री चौहान को हृदय से धन्यवाद दिया और कहा कि आप हमारे सगे भाई से कम नहीं हो।

### मुख्यमंत्री भाँजे-भाँजियों के बीच पहुँचे

मुख्यमंत्री श्री चौहान को अपने प्रिय भाँजे-भाँजियाँ दिखाई दें और वे उनसे न मिले, ऐसा हो ही नहीं सकता। रोड-शो में भी उन्होंने सीएम राइज स्कूल के भाँजे-भाँजियों को रथ से उतर आशीर्वाद दिया और साथ में फोटो खिंचवाई।

### जनजातीय कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति

जनजातीय कलाकारों द्वारा रंग-बिरंगी वेशभूषा में पारंपरिक सामूहिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर रोड-शो को नया ही रंग दे दिया। यह समूह आकर्षण का केंद्र बना रहा। सभी कलाकार रोड-शो में बिना रुके पूरे उत्साह और उमंग से अपनी कला का प्रदर्शन करते रहे। लोगों ने भी कलाकारों की करतल ध्वनि से हौसला अफजाई की। कलाकारों की करतल ध्वनि से हौसला अफजाई की।

# राज्यपाल सम्मान से सैनिक कल्याण के लिए बड़ी राशि देने वाले हुए सम्मानित

## तीन संभागायुक्त एवं 36 कलेक्टर द्वारा लक्ष्य से अधिक राशि का संग्रहण किया

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि झंडा दिवस पर दान, राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता का प्रदर्शन है। कभी संपन्न और समृद्ध लोग राष्ट्र की रक्षा के लिए जीवन समर्पित करने वाले सैनिकों, उनके परिजनों के सहयोग के लिए आगे आएं। अमृत काल में भारत माता के लाड़ले बहादुर बेटों और बेटियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता झंडा दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक राशि का दान देकर प्रदर्शित करें। मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैस, जनरल ऑफिसर कमांड हेडक्वार्टर मध्य भारत एरिया जबलपुर लेफ्टिनेंट जनरल एम.के. दास, अपर मुख्य सचिव श्री राजेश राजौरा, राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री डी.पी. आहूजा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



राज्यपाल श्री पटेल राजभवन में समामेलित विशेष निधि राज्य प्रबंधन समिति की 22वीं वार्षिक बैठक के बाद समिति के पदाधिकारियों, सैनिक कल्याण के अधिकारियों और दानदाताओं को संबोधित कर रहे थे। समामेलित विशेष निधि में 1 लाख रुपए से अधिक राशि का दान देने वाले 14 व्यक्तिगत और संस्थागत दान दाताओं एवं 3 संभागों के आयुक्त और 36 जिलों के कलेक्टरों को राज्यपाल के सम्मान से सम्मानित किया गया।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि गत वर्ष जन-सहयोग से 3 करोड़ 24 लाख 64 हज़ार से अधिक राशि का संग्रहण उल्लेखनीय उपलब्धि है। उन्होंने वेब पोर्टल द्वारा क्यू.आर. कोड के माध्यम से राशि प्राप्त किए जाने के मध्यप्रदेश सैनिक कल्याण बोर्ड के प्रयासों की सराहना की। आशा व्यक्त की कि क्यू.आर. कोड से राशि ट्रांसफर होने की सुविधा बड़ी संख्या में दानदाताओं को निधि में दान देने में सक्षम बनाएगी। छोटी से छोटी राशि के भी दान सुगमता से दिए जा सकेंगे। समाज के सभी समर्थ, समृद्ध व्यक्तियों को पूर्व सैनिकों और परिजनों की समस्याओं के निराकरण के लिए संवेदनशीलता के साथ और सहयोगात्मक तरीके से जमीनी स्तर पर भी प्रयास करने चाहिए। इसके लिये राशि संग्रहण के कार्यक्रम आदि भी किए जा सकते हैं।

राज्यपाल ने कार्यक्रम में उपस्थित संभागायुक्त नर्मदापुरम श्री श्रीमन शुक्ला, कलेक्टर भोपाल श्री आशीष सिंह और रायसेन कलेक्टर श्री अरविंद दुबे को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिन्ह प्रदान किए। स्वागत उद्बोधन और आभार प्रदर्शन संचालक सैनिक कल्याण ब्रिगेडियर अरुण नायर ने किया। संचालन कमांडर उदय सिंह ने किया।

श्रीमती शीला बालकृष्ण देशमुख इंदौर ने राशि 5 लाख रुपए, श्रीमती निर्मला शर्मा भोपाल ने राशि 3 लाख रुपए, क्षेत्रीय प्रबन्धक सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया सागर 1 लाख 59 हज़ार 851 रुपए, श्री अजीत समदड़िया रीवा 1 लाख 50 हज़ार रुपए, श्रीमति अंजना सूरी रीवा 1 लाख 11 हज़ार रुपए, क्षेत्रीय महाप्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक भोपाल वृत्त 1 लाख 11 हज़ार रुपए, श्री राकेश अग्रवाल उज्जैन 1 लाख 1 हज़ार रुपए, श्री वल्लभ भाई पटेल इंदौर ने 1 लाख 1 हज़ार रुपए, श्रीमती कमला तिवारी छिंदवाड़ा ने 1 लाख रुपए, श्रीमती निर्मला विद्या प्रसाद वर्मा इंदौर ने राशि 1 लाख रुपए, श्री सुनील सिंह रीवा ने 1 लाख रुपए, मैनेजिंग डायरेक्टर, जे. पी. थर्मल पॉवर प्लांट बीना ने 1 लाख रुपए, प्रबन्धक (एच आर) भारत-ओमान रिफाइनरी आगासोद बीना ने 1 लाख रुपए और अध्यक्ष मध्यप्रदेश भूतपूर्व सैनिक कल्याण समिति की 1 करोड़ रुपए की सहयोग राशि निधि में प्राप्त हुई। लक्ष्य से अधिक राशि एकत्रित करने वाले संभागों में नर्मदापुरम, उज्जैन और भोपाल शामिल हैं। लक्ष्य से अधिक एकत्रित करने वाले जिलों में अलीराजपुर, हरदा, दतिया, टीकमगढ़, छिंदवाड़ा, सागर, दमोह, सतना, रतलाम, श्योपुर, उज्जैन, बैतूल, नीमच, ग्वालियर, भोपाल, अनूपपुर, आगर मालवा, रीवा,खरगौन, मण्डला, सिवनी, मन्दसौर, राजगढ़, शाजापुर, विदिशा, धार, जबलपुर, सीहोर, इन्दौर, शहडोल, कटनी, शिवपुरी, देवास, गुना, नर्मदापुरम और रायसेन जिला शामिल हैं।

# ईशान फाउंडेशन द्वारा सेहत और प्रकृति को समर्पित एक पखवाड़ा

## बच्चों के निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर से लेकर पौधरोपण और महिला व किशोरियों के स्वास्थ्य पर हुई चर्चा





**1. एनजीओ ईशान फाउंडेशन ने डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में पूरे पखवाड़े जारी रखे अभियान, स्वास्थ्य के साथ जोड़ा प्रकृति को भी**

**2. 10 से अधिक चिकित्सकों ने किये निशुल्क परीक्षण और दिए परामर्श**

**3. निशुल्क आयरन टॉनिक के वितरण के साथ विशेष परिस्थिति वाले बच्चों के उपचार के लिए भी बढ़ाये हाथ**

**4. चिकित्सकों ने कहा- अधूरा पोषण, बिस्किट, ब्रेड व मोबाइल का अधिक उपयोग बना, आंगनवाड़ी के बच्चों में भी आंखों, दांतों व सम्पूर्ण स्वास्थ्य में समस्या का प्रमुख कारण**

**5. आंगनवाड़ी के 100 से अधिक बच्चों की आंखों, दांतों और सम्पूर्ण स्वास्थ्य का हुआ परीक्षण**

**6. पखवाड़े के समापन दिवस पर महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म सम्बन्धी स्वास्थ्य और सेहत की जानकारी दी गई**

**इंदौर( अनिल चौधरी )।** बच्चों के विकास की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है उनका स्वास्थ्य। बच्चों के जीवन के इसी पहलू को ध्यान में रखते हुए निजी सामाजिक संस्थान ईशान फाउंडेशन द्वारा डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में एक पखवाड़े के लिए विभिन्न आयोजन किये गए। इसके अंतर्गत 2 स्थानों, जनसेवा नगर व महादेव नगर बस्ती में आँगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों के लिए आंख, दाँत व संपूर्ण जांच के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाए गए। इसमें शहर के वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकेश भाचावत, डॉ. रितेश पाटीदार व डॉ. आशुतोष पाराशर, चोइथराम नेत्रालय से डॉ. शिवती साहू, दंत चिकित्सा महाविद्यालय से डॉक्टर राहुल गनवदिया, डॉ. अंबर खान, डॉ. पकंज बंसोड़े, डॉ. प्रसन्न जैन, डॉ. अमर सावले, डॉ. जागृति व डॉ. गुंजन ने बच्चों की निशुल्क जांच की। बच्चों को आवश्यक सप्लीमेंट्स वितरित किये गए और बच्चों के वजन, लंबाई व शारीरिक परीक्षण के साथ टीकाकरण कार्यक्रम का भी निरीक्षण किया गया। परीक्षण में पाया गया कि ज्यादातर बच्चों में अधूरा पोषण तो एक समस्या है ही, लंबे समय तक मोबाइल पर गेम खेलना, डेंटल हाइजीन का ध्यान न रख पाना, निरंतर ब्रेड, बिस्किट व अन्य पैकेट वाले नाश्ते करने आदि की वजह से भी स्वास्थ्यगत समस्याएं जन्म ले रही हैं। 2-6 साल की उम्र तक के बच्चों में कमजोर नजर और दांतों में कैविटी की समस्या प्रमुखता से पाई गई। साथ ही अरिदमिया (असंतुलित धड़कन) व वन साइड पैरालिसिस जैसे केसेस भी सामने आए। विशेष स्थितियों वाले बच्चों को आगे के उपचार हेतु जिला अस्पताल सहित चोइथराम नेत्रालय व दंत चिकित्सा महाविद्यालय में भी निशुल्क उपचार की व्यवस्था हेतु मार्गदर्शित किया गया। पखवाड़े में आगे प्रकृति से बच्चों को जोड़ने के लिए पौधरोपण और महिलाओं व किशोरियों को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी देने हेतु वर्कशॉप का आयोजन भी बीजलपुर व भीम नगर आंगनवाड़ियों में किया गया।

बच्चों की जांच करने वाले चिकित्सकों ने माता पिता को भी मोबाइल का उपयोग कम करने , धूम्रपान और शराब से दूर रहने, शासकीय स्तर पर मिलने वाली निशुल्क सुविधाओं जैसे पोषक आहार व सप्लीमेंट्स आदि का उपयोग करने के बारे में सलाह दी।

पखवाड़े के अंतर्गत बीजलपुर क्रमांक 2 आंगनवाड़ी में बच्चों को पौधारोपण के साथ प्रकृति से मित्रता के लिए प्रेरित किया गया पखवाड़े का समापन शनिवार, 15 जुलाई को भीम नगर आंगनवाड़ी में महिलाओं व किशोरी बालिकाओं को मासिक धर्म सम्बन्धी, स्वास्थ्य व स्वच्छता के बारे में जानकारी देने वाली वर्कशॉप के साथ हुआ।




**लोगों को सुविधा मिलेगी**

## डाक विभाग व बीएसएनएल ने 23 आधार केंद्र शुरू किए, कार्ड अपडेट करा सकेंगे

**आधार कार्ड में अपडेट, संशोधन के लिए शहर में डाक विभाग व बीएसएनएल द्वारा 23 आधार केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। सांसद शंकर लालवानी ने बताया प्रशासन की निगरानी में जो केंद्र कार्य कर रहे हैं, यह केंद्र उनके अतिरिक्त है। कुछ मोबाइल आधार केंद्र भी शुरू होंगे। दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य रामस्वरूप मूंदड़ा ने बताया कि सभी केंद्रों पर अन्य आधार केंद्र की तरह सुविधाएं उपलब्ध हैं।**

***ये हैं केंद्र***

पोस्ट ऑफिस विजयनगर, किला मैदान, श्री कृष्ण टॉकिज पोस्ट ऑफिस, नंदानगर पोस्ट ऑफिस, जीपीओ, सुदामा नगर, वल्लभनगर, खातीवाला टैंक, राजेंद्र नगर, बियाबानी, क्लॉथ मार्केट, बिजासन, रविशंकर शुक्ल नगर, कनाड़िया रोड, इंडस्ट्रियल एरिया, नरवल, कलेक्टर कार्यालय, तिलक नगर, लोकमान्य नगर, मनोरमागंज, बीएसएनएल ऑफिस नेहरू पार्क, ट्रांसपोर्ट नगर, मेघदूत पार्क व तिलक पथ पर।

## अब घर के नल कनेक्शन में मीटर; 24 हजार लगा चुके, 3 लाख लगेंगे

**इंदौर(अशोक सैनी)। पेयजल की बूंद-बूंद का हिसाब रखने के लिए नगर निगम शहर में नल कनेक्शन के साथ पानी के मीटर भी लगा रहा है। 6 साल पहले इस योजना पर काम शुरू किया था। पहले चरण में 30 हजार घरों में मीटर लगना थे। अब तक 24 हजार 500 घरों में मीटर लगा चुके हैं।**



प्रति मीटर 2500 रुपए लागत आ रही है। यह शुल्क रहवासियों से ही वसूला गया है। इस सारी कवायद का उद्देश्य पानी की बर्बादी रोकना है। हालांकि जिन घरों में मीटर लगाए हैं, वहां फिलहाल बिलिंग शुरू नहीं की है। पूरे शहर में 3 लाख घरों में मीटर लगना हैं। सभी दूर मीटर लगने के बाद बिलिंग शुरू करेंगे।

### फिलहाल अमृत-1 में नए कनेक्शन वाले घरों में ही लगाए जा रहे

अमृत-1 के तहत रामकी और एलएनटी को काम दिया गया है। इसके तहत 34 नई टंकियां बनाई गईं। साथ ही हाउस कनेक्शन किए गए। उनमें मीटर भी लगाए गए हैं। मीटर लगाने के पीछे मंशा यह थी कि जितने पानी का उपयोग हो, उतना ही बिल जनरेट हो, ताकि लोग पानी बर्बाद न करें।

एलएनटी कंपनी मीटर लगा रही है, लेकिन घरों में पानी की खपत का हिसाब-किसाब विभाग के पास भी नहीं है। कार्यपालन यंत्री संजीव श्रीवास्तव का कहना है कि इसका आकलन करना बाकी है कि पानी की कितनी खपत हो रही है। अमृत-1 में नए कनेक्शनों वाले घरों में मीटर लगाए हैं।

06 साल पहले बनी थी यह योजना

30 हजार मीटर पहले चरण में लगना थे

2500 रुपए प्रति मीटर शुल्क

### अमृत-2 योजना में पूरे शहर में मीटर लगाएंगे

करीब 25 हजार मीटर लग चुके हैं। पानी की कितनी खपत हो रही है, इसका केलकुलेशन करवा रहे हैं। हमारा उद्देश्य पानी का अपव्यय रोकना है। अमृत-2 में पूरे शहर में मीटर लगाए जाने पर विचार किया जा रहा है।

*-अभिषेक शर्मा, एमआईसी सदस्य*

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन.22 सेक्टर एफ सांवेर रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया ,इंदौर,म.प्र. एवं जी-1,कॉस्मिक रीजेन्सी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर, म.प्र. से प्रकाशित - संपादक गोपाल गावन्डे ( पी.आर.बी. ) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र इंदौर रहेगा )